# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र ( मार्च 2023-24)

**CLASS : 10th(Secondary)** **Code NO.**

**Series : Sec /Annual -2024**

**रोल** | | | | | | | | | | | **न.** **SAT - C**

## हिन्दी

( Academic / Open )

(Only for Fresh /Re-appear / Improvement / Additional Candidates)

**समय : 3 घंटे ]** **[ पूर्णांक : 80**

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 6 तथा 13 प्रश्न हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नं. को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना / पन्ने न छोडें।
- उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।
- परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। अनुक्रमांक के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।

*सामान्य निर्देश:*

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। तथापि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

(iii) प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ आवश्यकतानुसार यथोचित निर्देश दिए गए हैं।

(iv) प्रश्न के उपभागों को यथासंभव क्रमिक और एक स्थान पर लिखने का प्रयास किया जाए।

(v) शुद्ध, सटीक और तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।



Download from www.MsEducationTv.com

## खंड - क

**प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए :-** **2x 7 = 14 अंक**

क) द्विगु समास किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट करें।

ख) सोमेश, सूर्योदय (सन्धि-विच्छेद कीजिए)

ग) वाच्य को परिभाषित करें ।

घ) बिजली, राक्षस (पर्यायवाची शब्द लिखिए)

ङ) मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

I. अपना उल्लू सीधा करना

II. अक़्ल का दुश्मन

च) रूपक अलंकार की परिभाषा सोदाहरण लिखिए।

छ) दोहा छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

**प्रश्न 2. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :** **5 अंक**

क) बाल दिवस

ख) महिला सशक्तिकरण

ग) मेरा भारत महान

घ) परोपकार

ङ) समय का सदुपयोग

**प्रश्न 3. खिड़की का शीशा टूट जाने पर माफ़ी माँगते हुए मुख्याध्यापक को पत्र लिखें।** **5 अंक**

**अथवा**

**अपनी बड़ी बहन की शादी में मित्र को निमंत्रित करते हुए पत्र लिखें**

## खंड - ख

**प्रश्न 4 क्षितिज (काव्य खंड) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।** **1x 6=6 अंक**

(i) ' गुर चाँटी ज्यौं पागी ' में गुर क्या है-

क) गुरु

ख) शिक्षक

ग) बड़ा

घ) गुड़

(ii) 'गर्भन्ह के अर्भक दलन' यहाँ 'अर्भक' का क्या अर्थ है?

क) भस्म

ख) बच्चा

ग) गंधक

घ) शत्रु

(iii) 'आत्मकथ्य' कविता में 'मधुप' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया है?

क) मन के लिए

ख) बगीचे के लिए

ग) शहद के लिए

घ) मधुरता के लिए



Download from www.MsEducationTv.com

(iv) 'विश्व के निदाघ' से कौन विकल व उन्मन है?

क) नेता

ख) समस्त जन

ग) अभिनेता

घ) कोई नहीं

(v) 'यह दंतुरित मुस्कान' कविता में छोटे बच्चे के स्पर्श मात्र से कौन- से फूल झरने लगे?

क) गुलाब

ख) कमल

ग) शेफालिका

घ) जूही

(vi) 'चला जाता है भटकता हुआ एक अनहद में' - यहाँ 'अनहद' का क्या अर्थ है?

क) अपार मस्ती

ख) सीमाहीन

ग) दुख

घ) हताशा

**प्रश्न 5 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उतर दीजिए-** **1x 5=5 अंक**

मधुप गुन-गुना कर कह जाता कौन कहानी यह अपनी,
मुरझाकर गिर रहीं पत्तियाँ देखो कितनी आज घनी ।
इस गंभीर अनंत-नीलिमा में असंख्य जीवन- इतिहास
यह लो, करते ही रहते हैं अपना व्यंग्य-मलिन उपहास
तब भी कहते हो - कह डालूँ दुर्बलता अपनी बीती ।
तुम सुनकर सुख पाओगे, देखोगे-यह गागर रीती ।

(क) प्रस्तुत काव्यांश की कविता एवं कवि का नाम लिखिए ।

(ख) कवि ने 'मधुप' किसे कहा है ?

(ग) पत्तियों का मुरझाना किसे स्पष्ट करता है ?

(घ) 'अनंत-नीलिमा' और 'असंख्य जीवन इतिहास' से क्या तात्पर्य है ?

(ङ) 'गागर रीती' से क्या अभिप्राय है ?

**प्रश्न 6 निम्नलिखित काव्यांश का भाव व काव्य सौंदर्य स्पष्ट कीजिए-** **3 अंक**

ललित ललित, काले घुँघराले,
बाल कल्पना के-से पाले,
विद्युत छबि उर में, कवि, नवजीवन वाले !

**प्रश्न 7 (क) गोपियों द्वारा उद्धव को भाग्यवान कहने में क्या व्यंग्य निहित है?** **3+3= 6 अंक**

**(ख) 'संगतकार' कविता का मूल भाव स्पष्ट कीजिए।**



Download from www.MsEducationTv.com

## खण्ड-ग

**प्रश्न 8 क्षितिज (गद्य -खंड) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित उत्तर पुस्तिका में लिखिए।** **1x 6= अंक**

(i) 'नेताजी का चश्मा' किस विधा की रचना है**?**

क) उपन्यास

ख) कहानी

ग) निबंध

घ) एकांकी

(ii) बालगोबिन भगत 'साहब' किसे कहते थे?

क) कबीरदास को

ख) तुलसीदास को

ग) अपने पिताजी को

घ) अपने मित्र को

(iii) 'नवाबी नस्ल के एक सफ़ेदपोश पालथी मारे बैठे थे' - यहाँ 'सफ़ेदपोश' का क्या अर्थ है?

क) सफ़ेद कपड़े पहने व्यक्ति

ख) भद्रपुरुष

ग) नवाब

घ) अमीर

(iv) पिताजी के किस अंतरंग व सम्मानित मित्र ने लेखिका का गर्मजोशी से स्वागत किया?

क) यशपाल

ख) डॉ॰ अंबालाल

ग) डॉ॰ धीरेंद्र वर्मा

घ) डॉ॰ भगवतीचरण

(v) दक्षिण भारत के मंगल वाद्य का नाम है -

क) शहनाई

ख) मुरली

ग) नागस्वरम

घ) वंशी

(vi) सिद्धार्थ के गृह त्याग का सर्वोच्च क्या लक्ष्य था?

क) निर्वाण

ख) देह सुख

ग) विद्यार्जन

घ) मानव सुख

**प्रश्न 9 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **1x 5=5 अंक**

और सभ्यता? सभ्यता है संस्कृति का परिणाम। हमारे खाने-पीने के तरीके, हमारे ओढ़ने पहनने के तरीके, हमारे गमना-गमन के साधन , हमारे परस्पर कट मरने के तरीके; सब हमारी सभ्यता हैं। मानव की जो योग्यता उससे आत्म-विनाश के साधनों का आविष्कार कराती है, हम उसे उसकी संस्कृति कहें या असंस्कृति? और जिन साधनों के बल पर वह दिन-रात आत्म-विनाश में जुटा हुआ है, उन्हें हम उसकी सभ्यता समझें या असभ्यता ? संस्कृति का यदि कल्याण की भावना से नाता टूट जाएगा तो वह असंस्कृति होकर ही रहेगी और ऐसी संस्कृति का अवश्यंभावी परिणाम असभ्यता के अतिरिक्त दूसरा क्या होगा?



Download from www.MsEducationTv.com

क) पाठ एवं लेखक का नाम लिखिए।
ख) लेखक के अनुसार सभ्यता क्या है?
ग) संस्कृति क्या है?
घ) संस्कृति कब असंस्कृति बन जाती है?
ङ) असभ्यता क्या है?

प्रश्न 10 **स्वयं प्रकाश** अथवा **यशपाल** का जीवन परिचय देते हुए उनकी रचनाओं, साहित्यक विशेषताओं एवं भाषा शैली पर प्रकाश डालिए। **5 अंक**

**प्रश्न 11 (क) बालगोबिन भगत की दो चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 2+2=4 अंक**
**(ख)बिस्मिल्ला कहाँ को शहनाई की मंगल ध्वनि का नायक क्यों कहा जाता है?**

## खंड - घ

**प्रश्न 12 कृतिका भाग-2 के आधार पर निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दीजिए। 3+3=6 अंक**

(क) माता का आँचल शीर्षक की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।
(ख) 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ में जितेन नार्गे ने गुरु नानक देव जी से संबंधित किस प्रसंग का उल्लेख किया है ?
(ग) 'मैं क्यों लिखता हूँ' शीर्षक पाठ का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

## खण्ड- ङ

**प्रश्न 13 (क) नैतिक शिक्षा (पाठ्य-पुस्तक) के आधार पर निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर अपनी उतर पुस्तिका में लिखिए। 1x 4=4 अंक**

1. कौन-सा आभूषण शाश्वत है ?
   (i) वाणी रूपी आभूषण
   (ii) कर्म रूपी आभूषण
   (iii) सोने का हार
   (iv) हीरों का हार
2. सरोजिनी नायडू को किस उपाधि से विभूषित किया गया?
   (i) स्वर कोकिला
   (ii) भारत रत्न
   (iii) भारत कोकिला
   (iv) पद्म भूषण
3. जिसके पास धन है, उस व्यक्ति को समाज क्या समझता है?
   (i) अच्छे कुल का
   (ii) महान
   (iii) पंडित
   (iv) उपरोक्त सभी



Download from www.MsEducationTv.com

4. भारत सरकार ने मदन मोहन मालवीय को भारत रत्न से कब अलंकृत किया?

(i) 2014 में

(ii) 2015 में

(iii) 2016 में

(iv) 2017 में

**(ख) निम्नलिखित पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए :-** **3 अंक**

सारे गुण कंचन में वास करते हैं।

**(ग) स्त्री शिक्षा के विषय में मदन मोहन मालवीय के क्या विचार थे?** **3 अंक**

------------xxxxx ------------

Download from www.MsEducationTv.com